workers for a number of days recently ;

(b) if so, what were the demands of the agitators ; and

(c) in what manner the matter was resolved ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) The demands were not concerning the Ministry of Railways.

तेज रेलगाड़ियों का चलाया जाना

1883. **श्री अजीत जोगी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेल पटरियों के पुराने और खराब दिशा में होने के बावजूद यात्रियों की सुरक्षा को दर-किनार रखकर देश में शताब्दी एक्सप्रेस जैसी तेज रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं और जिससे किसी भी समय यात्रियों की जान-माल की हानि हो सकती है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या रेलवे प्रशासन हाल ही में ग्वालियर के निकट हुई रेल दुर्घटना, जिसमें कर्नाटक एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे अनेक यात्रियों की जानें चली गई थीं, को ध्यान में रखते हुए इस पहलू पर फिर से विचार करेगा ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी नहीं। शताब्दी एक्सप्रेस जैसी गाड़ियां रेल पथ पर निर्धारित परीक्षण चालन के बाद तथा सुरक्षा की दृष्टि से रेल सुरक्षा आयुक्त की आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करके ही चलायी गयी हैं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश में महिलाओं को प्रशिक्षण देने की योजनायें

1884. **श्री मती रत्न कुमारी :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) समाज के कमजोर वर्ग की महिलाओं को प्रशिक्षण देने और उन्हें दीर्घावधि के आधार पर काम उपलब्ध कराने की दृष्टि से मध्य प्रदेश में अब तक कितनी योजनायें प्रारंभ की गई हैं ; और

(ख) प्रशिक्षण के पश्चात् कितनी महिलाओं को अब तक काम/नौकरी उपलब्ध करायी गयी है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में युवा कार्य और खेल तथा महिला और बाल विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट अल्वा): (क) और (ख) (नार्वेजियन एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट) योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश में अब तक 8 परियोजनायें शुरू की गई हैं, जिनसे कुल 350 महिलाओं को लाभ हुआ है ।

महिलाओं के लिये व्यावसायिक प्रशिक्षण की योजना के अन्तर्गत पिछले तीन वर्षों में 156 पाठ्यक्रमों में 3330 महिलायें प्रशिक्षित की गई हैं ।

संकटग्रस्त महिलाओं के पुनर्वास के लिये प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने की योजना के अन्तर्गत पिछले तीन वर्षों में 1130 महिलाओं के लाभ के लिये 33 पाठ्यक्रम स्वीकृत किये गये हैं ।

अन्य योजनाओं के संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

Amount spent on opening of Navodaya Vidyalayas

1885. DR. NAGEN SAIKIA : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) what is the number of Navodaya Vidyalayas set up so far in the country ; and